PUBLICATION NAME :	Hindustan Times
EDITION :	Gorakhpur
DATE :	10/05/2022

ईडीआईआई व डीडीयू के बीच हुआ करार

गोरखपुर, निज संवाददाता। एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (ईडीआईआई) और गोरखपुर विश्वविद्यालय ने एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं।

इसके तहत विभिन्न सहयोगी पहलों, कार्यक्रमों, अनुसंधान और पॉलिसी एडवोकेसी के माध्यम से बड़े पैमाने पर छात्रों और समाज के बीच एंटरप्रेन्योरशिप को एक व्यावहारिक कैरियर विकल्प के रूप में स्थापित करने के लिए कार्य किया जाएगा। पूर्वांचल में उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए नए अवसरों की तलाश करने की दिशा में समन्वित प्रयास किए जाएंगे। डीडीयू के कुलपति प्रो. राजेश सिंह व ईडीआईआई महानिदेशक डॉ. सुनील शुक्ला ने गुजरात केन्द्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. रमाशंकर दूबे की उपस्थिति में इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (ईडीआईआई), अहमदाबाद एक स्वायत्त और गैर लाभकारी संस्थान है। उद्यमिता शिक्षा, अनुसंधान, पॉलिसी एडवोकेसी, स्टार्ट अप और नवाचार, एमएसएमई विकास, ट्रेनिंग और इंस्टीट्यूशन बिल्डिंग में एक प्रतिष्ठित राष्ट्रीय संसाधन संस्थान है। आईडीबीआई बैंक लिमिटेड, आईएफसीआई लिमिटेड आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड और एसबीआई व गुजरात सरकार इसके प्रमोटर हैं। ईडीआईआई को कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा सेंटर ऑफ एक्सीलैंस के रूप में मान्यता दी गई है। हाल ही में संस्थान को शिक्षा मंत्रालय, सरकार द्वारा अटल रैंकिंग ऑफ इंस्टीट्यूशंस ऑन इनोवेशन अचीवमेंट्स (एआरआईआईए)-2021 में सामान्य (गैर-तकनीकी) श्रेणी के तहत प्रथम स्थान दिया गया है।